Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide financial assistance to farmers to promote organic farming-laid

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): देश में दिन प्रतिदिन कैंसर जैसी भयंकर बीमारी बढ़ रही है । यह बीमारी ग्रामीण स्तर पर बहुत तेजी से फ़ैल रही है इस बीमारी के मुख्य कारण खान-पान है । वर्तमान में सभी फसलों व सब्जियों और फलों आदि में रासायनिक खाद के नाम पर जहर मिलाया जा रहा है । मेरा सुझाव है कि अगर रासायनिक खाद की जगह किसान को जैविक खेती करने के लिए प्रति वर्ष 10000 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दे दी जाए तो किसान रासायनिक खाद को छोड़कर जैविक खेती की और अग्रसर होगा. प्रति वर्ष 63222 करोड़ रुपए के करीब रासायनिक खाद के लिए बजट रखा गया है, दूसरा रासायनिक खाद से जो बीमारियाँ फ़ैल रही उनके इलाज पर भी सरकार का प्रतिवर्ष लाखों करोड़ रुपए खर्च होते है । रासायनिक खाद के ज्यादा प्रयोग से हमारे देश के चावल व गेहूं के निर्यात में भी भारी कमी देखने को मिल रही है इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु किसान को हरवर्ष प्रति एकड़ दस हज़ार रूपए प्रोत्साहन राशि दी जाए ।